Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 10-03-2022 अंक 164

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## ब्रीफ न्यूज

### चार राज्यो में मिली विशाल जीत पर भाजपाइयों में ख़ुशी की लहर



मनोज कु0 यादव

बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने गुरुवार को आए चुनाव के परिणाम पर कहा की भाजपा को चार राज्यो में मिली इस प्रचंड जीत ने यह साफ कर दिया है की देश की जनता अब विकास के मुद्दे पर वोट कर रही है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की जाति धर्म समुदाय में बांट कर रा. जनीति करने वाले नेताओं को जनता ने नकार दिया है और एक बार फिर जनता ने भाजपा पर विश्वास जताया है। उन्होंने इन चुनाव नतीजों को राम राज्य की शुरुआत बताया है, वहीं उन्होंने कहा की 23 करोड़ यूपी की जनता योगी जी के साथ है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की भाजपा पर चार राज्यो की जनता ने फिर से जताया है। वहीं उन्होंने कहा की देश में कानून व्यवस्था एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, इस बात को ध्यान में रखते हुए लोगो ने मतदान किया है और कहा की आने वाले दिनों में कांग्रेस देश से साफ हो जाएगी।

## आवश्यक सूचना

श्री श्री 1008 चंडी महायज्ञ मां भगवती सेवा संस्थान बरही के द्वारा दिनांक 12/03/2022 दिन शनिवार को माता रानी का भव्य जागरण संग होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है माता रानी के जागरण में राजस्थान यूपी बिहार और दिल्ली के मशहूर भजन गायक सरोज कुमार लक्खा, सोनू राज ,पायल बनारसी, पूजा प्रियंका अपनी गायकी का जलवा भी बिखेरेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरही विधानसभा के पूर्व विधायक पूर्व मंत्री माननीयश्री मनोजकुमार यादव जी होंगे। आप सभी श्रद्धालु भक्तों से आग्रह है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर मातारानी के जागरण को सुनकर पुण्य के भागी बनें।

**निवेदक**
**मां भगवती सेवा संस्थान सह यज्ञ समिति धनबाद रोड बरही**

# कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय बरसोत में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**





बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत में स्थित कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। जिसका उद्घाटन अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने किया साथ ही उन्होंने कहा की राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम में 1-19 वर्ष के सभी बच्चो को स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र में कृमि दवाई खिलाई जाएगी। ताकि उनका समग्र, स्वास्थ, पोषण स्तर और जीवन बेहतर हो। वहीं विद्यालय के सभी बच्चो को कृमि मुक्ति अल्बेंडाजोल दवा खिलाया गया। साथ ही साथ उन्होंने कहा की यह बच्चों के लिए बहुत ही घटक बीमारी है। जिससे बचने के लिए प्रत्येक वर्ष 10 मार्च को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**क्या है इस बीमारी के लक्षण**

बुखार आना, शरीर का पीला होना, पेट में दर्द, दिल तेजी से धड़कना, चक्कर आना ये सभी कृमि के लक्षण है। साथ ही डीएस डॉ क्टर प्रकाश ज्ञानी ने इस बीमारी से बचने के लिए बताया कि सब्जियां और फलों का उपयोग खूब अच्छी तरह धोकर इस्तेमाल करे स्वच्छ पानी ही पिए, इसके लिए फिल्टर का उपयोग करे या आवश्यतानुसार पानी को उबालकर पीना चाहिए, कुंआ और जलाशयों की नियमित सफाई आवश्यक है। मौके पर बीपीएम नारायण राम, पंकज कुमार कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक ज्योति कुमारी एवं सैकड़ों छात्रा मौजूद थे।

# राम राज्य की ओर बढ़ रहा है भारत : रंजीत चन्द्रवंशी

## चार राज्यों की जीत को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और विकास की जीत बताया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रंजीत चन्द्रवंशी

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी ने कहा कि यह जीत, यह प्रदर्शन ऐतिहासिक है। यह विजय माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की ईमानदार सरकार, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी और अमित साह के नेतृत्व का कमाल है। उन्होंने कहा कि मूल रूप से यह जीत विकास की राजनीति, समाज में बिना भेदभाव सभी की चिंता, बेहतर कोविड प्रबंधन, देश का अंत. र्राष्ट्रीय पटल पर वर्चस्व, डबल इंजन की सरकारों में जनता के विश्वास जैसे प्रमुख विचारों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत में अब वोटर्स जाती पाती की राजनीति करने वालों को बाहर का रास्ता दिखला रहे हैं। वंशवाद की राजनीति करने वालों को जनता ने सबक सिखाने का कार्य किया है। देश के टुकड़े टुकड़े करने वालों को जनता ने सबक सिखलाया है। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि मोदी जी के शाशन में राम राज्य की कल्पना पूरा हो रहा है। प्रत्येक अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंच रहा है। भारतीय जनता पार्टी लगातार अंत्योदय के सपने को पूरा कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो जीत मिली है वह राम राज्य के सपने को साकार करने के लिए जनता ने भाजपा के पक्ष में मत दिया है। पार्टी प्रत्येक अंतिम व्यक्ति के सपनों को साकार करने की जिम्मेवारी निभाएगी। यह जीत जिम्मेवारियों की जीत है पार्टी खरा उतरने का कार्य करेगी।

# पर्यावरण संतुलन एवं संरक्षण के लिए नियमित पौधरोपण जरूरी : योगेंद्र सिंह

## प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा के उपरांत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन



पौधरोपण करते वाणिज्य संकाय के शिक्षक एवं विद्यार्थीगण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

प्लस टू उच्च विद्यालय बरही के वाणिज्य संकाय की ओर से विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाणिज्य शिक्षक योगेंद्र सिंह एवं सुनील कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में वाणिज्य संकाय के प्रायोगिक परीक्षा के बाद बाह्य परीक्षक आस्तिक नीलम एवं दिलनवाज अहमद की उपस्थिति में कई छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। पौधरोपण कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय के विद्यार्थीगण भी मौजूद रहे। पौधरोपण के महत्व की जानकारी देते हुए वाणिज्य संकाय के शिक्षक योगेंद्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण के संतुलन एवं संरक्षण के लिए नियमित पौधरोपण जरुरी है। जिस तरह अंधाधुंध पेड़ो की कटाई की जा रही है। उस अनुपात में यदि पौधे नही लगाया गया तो आने वाले समय मे पर्यावरण संत. .लन बिगड़ सकता है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम एक एक पौधा नियमित लगानी चाहिए। पौधरोपण कार्यक्रम में अम्बर देव, अनीश, रितेश, अमित, अनिकेत, संजना,,रिया, साक्षी, ,अंजलि, रितिका, रोशनी, रेखा, मिनाल, निकी,गायत्री सहित कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## दनुवा स्कूल के शिक्षक को दिया गया विदाई व बने विभावि के सहायक प्रधानाध्यापक

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण : उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय दनुआ में कार्यरत सहायक शिक्षक ड० रंजीत कुमार दास का स्कूल के शिक्षक व बच्चो ने विदाई देकर नई जिम्मेवारी के लिए शुभक. ामनाएँ दिया। दनुवा स्कूल के प्राचार्य रतन कुमार वर्मा के अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम को श्री रंजीत को समान्नित भी किया गया। श्री वर्मा ने बताया कि रंजीत दास का चयन विनोबा भावे विश्व विद्यालय ,हज़ारीबाग़ में सहायक प्रधानाध्यपक के पद पर चयन हो गया। मंच संचालन नरेश कुमार यादव ने किया। प्रधानाध्यापक रतन कुमार वर्मा के द्वारा डॉ रंजीत कुमार दास के द्वारा विद्यालय में किए गए कार्यो एवं उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया तथा बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। ड० दास ने दनुवा स्कूल के शिक्षको के प्रति आभार प्रकट किया वही बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। कहा दनुवा स्कूल की यादे जीवन भर हमारे पास संग्रहित रहेगा। विदाई समारोह में सभी शिक्षक विश्वजीत कुमार कुशवाहा, नरेश कुमार यादव ,उपेंद्र यादव, दीपेंद्र कुमार दास ,प्रदीप सिंह ,नीतीश कुमार ,प्रेम कुमार ,आशा कुमारी, विजय कुमार, बृजेश कुमार, विनोद कुमार, अख्तर अली, रौनक आरा इत्यादि उपस्थित थे।

## संजीवनी अकादमी में राष्ट्रीय कृमि दिवस के पर बच्चों के बीच दवा वितरण

**अपेम लाइव : चन्दवारा**
**धीरज कुमार**

प्रखंड के नंदनगर रोड स्थित संजीवनी अकादमी में राष्ट्रीय कृमि दिवस के अवसर पर बच्चों को कृमि नाशक दवा अलबेण्डाजोल की खुराक दिया दिया गया. राष्ट्रीय कृमि दिवस पर बच्चों को मौके पर विद्यालय निदेशक संजीव कुमार ने कहा की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है.इस निमित्त कृमि से छुटकारा पाने के लिए यह दवा बहुत जरुरी है. उप –प्राचार्य विजय पाण्डेय ने बच्चों को कृमि से होने वाले नुकसान को बताया और इसके बचाव के भी बात बताई.शिक्षिका करिश्मा कुमारी बच्चों को साफ सफाई के लिए प्रेरित किया। मौके पर शिक्षिका अमीषा कुमारी, पिंकी सोनी ने बच्चों को दवा खिलाने में मदद किया।



**संजीवनी एकेडमी के छात्र–छात्राएं**

## भाजपा के प्रचण्ड जीत का चौपारण में मना जश्न गुलाल अबीर लगाकर दिया बधाई

### भाजपा व मोदी योगी के प्रति लोगो का बढ़ा विश्वाश : सुनील साव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




यूपी में प्रचण्ड बहुमत के साथ उत्तराखंड, गोवा व मणिपुर में भाजपा की जीत व सरकार बनाने की खुशी पूरे देश मे भाजपाई मना रहे है। चौपारण में भाजपाइयों ने जीत की खुशी एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगा कर किया। इस दौरान ब्लॉक मोड़ में एकत्रित होकर चार राज्यो में जीत का जश्न मनाया। प्रखण्ड भाजपा मण्डल द्वारा मिठाई बांटकर पटाखे फोड़कर खुशी मनाया गया। भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू ने कहा कि ये चुनाव परिणाम ये बतलाता है कि भाजपा, पीएम मोदी व योगी के प्रति विश्वाश बढ़ा है। पूरा देश को भाजपा की जरूरत है। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रा. जेश सहाय , मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा , महामंत्री आशीष सिंह, कृष्ण कुमार साव ,मंडल उपाध्यक्ष सुनील सिंह ,मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, रंजन सिंह, मंडल उपाध्यक्ष मनीष सिन्हा ,मुकेश सिंह ,रंजीत सिंह, रामाधीन पांडेय, संजय सिन्हा, अजीत सिंह ,सतेंद्र सिंह,सुदीप सिंह,कपिल यादव, सियाराम सिंह, सुरेश साव समेत दर्जनों भाजपाई शामिल थे।

## विनोबा भावे स्कूल ऑफ लर्निंग गाल्होवार में राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस पर बच्चों को खिलाया गया एल्बेंडाजश्ल की दवाई

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ : प्रखंड के गाल्होवार विनोबा भावे स्कूल अ०फ लर्निंग में गुरुवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस और मॉप–अप दिवस पर बच्चों को एल्बेंडाज०ल की दवाई खिलाया गया। सहिया निर्मला देवी के द्वारा कुल 101 बच्चों के बीच कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के 64 बच्चों को एल्बेंडाज०ल की दवा खिलाई गई। इस अवसर पर सहिया दीदी निर्मला देवी ने कहा कि बच्चों को कृमि मुक्त बनाने में एल्बेंडाजोल की गोली सुरक्षित व प्रभावशाली है। सभी अभिभावकों को चाहिए कि वे इन गोलियों को अपने बच्चों को अवश्य खिलाएं। बताया कि बताया कि एल्बेंडाजोल एक सुरक्षित दवा है। इस दवा से कोई भी साइड–इफेक्ट नहीं होता। दवा पेट में कीड़ों या कृमियों को समाप्त करने के लिए दी जाती है। पेट में अधिक कीड़े या कृमि होने की स्थिति में यह दवा देने पर बच्चे को हल्का से चक्कर या उल्टी हो सकती है। इससे घबराए नहीं। बच्चे के स्वास्थ्य में वृद्धि होती है। मौके पर मनोज कुमार शर्मा (प्राचार्य), पूनम शर्मा (शिक्षिका), धीरज शर्मा (शिक्षक), कौशल्या देवी (शिक्षिका), गोविंद ठाकुर, सचिन कुमार, आरव शर्मा, प्रीति कुमारी, पियूष कुमार, मनीषा, डोली, अमित कुमार, साहिल कुमार, चंदन कुमार, अवि कुमार, दिव्या शर्मा, कोमल कुमारी, विवेक कुमार, विकास कुमार, आनंद कुमार, अश्विनी कुमारी, आयशा कुमारी, रूही कुमारी समेत शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं मौजूद थे।



**दवा खाते स्कूली बच्चे**




## विधायक की पत्नी ने किया निजी स्कूल का उद्घाटन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ प्रखंड के गोविंदपुर स्थित उच्च विद्यालय में नर्सरी से पांचवी कक्षा तक के निजी विद्यालय का उद्घाटन मांडू विधायक जेपी पटेल की धर्मपत्नी ललिता देवी ने गुरुवार को विधिवत फीता काटकर किया। इसके अलावा स्कूल परिसर में शौचालय का भ. ूमिपूजन किया। मुख्य अतिथि ललिता देवी ने कहा कि बहुत ही गर्व और खुशी की बात है कि आज गोविंदपुर के बच्चे जिले में भी परचम लहरा चुके हैं। शिक्षा मनुष्य के लिए बहुत जरूरी है। शिक्षा से ही परिवार, समाज व देश की उन्नति हो सकती है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा सबसे आवश्यक है, इसलिए हमें पूरा मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए। वही भूतपूर्व जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी ने कहा कि मध्यम वर्गीय गरीब परिवार का बच्चा अच्छे स्कूलों में नहीं पढ़ पाता है। उसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने हाईस्कूल में अंग्रेजी माध्यम से नर्सरी से पांचवी तक की पढाई होगी। इसमें एडमिशन फीस व फीस इतनी रखी गई है कि गरीब का बच्चा भी इस स्कूल में पढ़ सके। उन्होंने कहा कि अच्छे व कुशल शिक्षकों के द्वारा इस विद्यालय में बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। इस मौके में सोमर महतो, रामलाल महतो, महेंद्र महतो, संजय महतो, भुनेश्वर महतो, चुरामन महतो, तुलसी महतो, डेगलाल महतो, लालचंद महतो, विजय रविदास, विजय रजक, कुंजलाल महतो, प्रमिला देवी, बसंती देवी, आशा देवी, प्रतिभा विकास मंच के केंद्रीय अध्यक्ष महेंद्र कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर


## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

––– डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!





सोच हमारी विकास आपका

कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस






फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे-नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग

नया सोच नया विकास

## भावी मुखिया उम्मीदवार


सोच हमारी विकास आपका

हमे सहयोग करें हम आपके सेवा में

आपके पंचायत का बेटा

## सुनिल गिरी

ग्राम पंचायत बेन्दगी





निवेदकः–
श्री कमल गिरी

मोबाइल नं0
8521749112

सुनिल गिरी
भावी मुखिया उम्मीदवार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर


## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल ने मनाया 7वां वार्षिकोत्सव

### बच्चों ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

रसोईया धमना में संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल का सातवां वार्षिक उत्सव विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक उत्सव का शुभारंभ शिशु ज्ञान समिति के अध्यक्ष द्वारा केक काटकर किया गया । उसके बाद बच्चों द्वारा गीत संगीत का कार्यक्रम किया गया । इस अवसर पर शिशु ज्ञान समिति ने 10 मार्च से लेकर 31 मार्च तक विद्यालय में निशुल्क नामांकन लेने का निर्णय लिया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक टुकलाल साहू ने विगत 7 वर्षों में विद्यालय में हुए विकास और विद्यालय के द्वारा प्राप्त उपलब्धियों को विस्तार पूर्वक बतलाया। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय विगत 7 वर्षों से ग्रामीण इलाके में शिक्षा की अलख जगा रही है विगत सत्रों में आठवीं और दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शत–प्रतिशत रिजल्ट देने का काम किया है। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य नितेश कुमार ने सभी छात्र छात्राओं के सामने विद्यालय की उपलब्धियों को बताते हुए आगामी सत्र में होने वाले गुणात्मक सुधार और एक अच्छे माहौल के निर्माण हेतु सारे प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा विशेष कार्यक्रम करवाने का बात कहा। सलाहकार राजेंद्र प्रसाद ने उन तमाम अभिभावकों को पुनः अभिवादन किया जिन्होंने विद्यालय प्रारंभ करने वक्त नकारात्मक विचारों को नजर. अंदाज करते हुए विद्यालय परिवार पर विश्वास करके अपने बच्चों को दिया जिनके बच्चे आज अच्छे अंक के साथ पास होकर हर प्रकार के क्षेत्र में जा रहे हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं में सीसीए विभाग की शिक्षिका विभा शर्मा श्वेता राजलक्ष्मी डिंपल कुमारी सरिता कुमारी सोनी कुमारी अजय कुमार नरेश कुमार आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से नवमी और दशमी के छात्र–छात्राओं में वंदना कुमारी मनीषा कुमारी रोशनी कुमारी नेहा कुमारी सोनाली कुमारी माही गुप्ता आनंद कुमार समीर अंसारी सागर कुमार अमित कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।












## तिब्बत की आजादी के लिए तिब्बतियों की बलिदानी व्यर्थ नहीं जाएगीरू बंशीधर : खैयार’

### चीन तिब्बत में मानवाधिकार का हनन बंद करें : महापौर

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**




भारत तिब्बत मैत्री संघ हजारीबाग के द्वारा आज दिनांक 10 मार्च 2022 को शगुन वाटिका शादी घर चानो रोड हजारीबाग में 63 वा तिब्बती नेशनल क्रांति (तिब्बत दिवस) का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सुदेश कुमार चंद्रवंशी के द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया भारत तिब्बत मैत्री संघ के द्वारा अतिथियों को बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भारत तिब्बत मैत्री संघ के अध्यक्ष सुदेश कुमार चंद्रवंशी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि आज से 63 वर्ष पूर्व तिब्बत में चीन के विरोध में आंदोलन की शुरुआत की गई थी चीन तिब्बत में अवैध रूप से कब्जा कर लिया था इसी दिन दलाई लामा जी को अपने हजारों समर्थकों के साथ भारत की ओर पलायन करना पड़ा था। तब से या नेशनल क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। तिब्बत की आ. जादी को लेकर सैकड़ों ति. ब्बती आत्मदाह कर लिया या शहीद हो गए उनकी याद में इस वर्ष पूरे भारत और विश्व के अन्य देश में आज तिब्बत दिवस का आयोजन किया गया है। भारत तिब्बत मैत्री संघ भारत सरकार एवं विश्व के अन्य देशों से मांग करता है कि चीन द्वारा तिब्बत पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है और वहां मानवाधिकार का हनन हो रहा है उसे अविलंब बंद करें और तिब्बत को आजाद करें। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद महावीर लाल विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि तिब्बत और भारत एक दूसरी का स्वाभाविक मित्र हैं तिब्बत भारत का पड़ोसी देश रहा है चीन के साथ हमारी सीमा कभी भी नहीं मिलती थी चीन द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने के बाद चीन द्वारा सीमा पर विवाद पैदा किया जाता रहा है। मुख्य वक्ता पूर्व कुलसचिव विनोबा भावे विश्वविद्यालय बंशीधर रुखैयार ने अपने संबोधन में बताया कि अब समय आ गया है रूसी यूक्रेन युद्ध के बाद पूरे विश्व की स्थिति बदलेगी चीन द्वारा तिब्बत को आजाद करना मजबूरी हो जाएगा। तिब्बत की आ. जादी के लिए हजारों तिब. बतियों ने अपनी जान दे दी कई लोगों ने आत्मदाह कर लिया आज तिब्बत दिवस के अवसर हम उन्हें याद करते हैं तिब्बतियों की बलिदानी व्यर्थ नहीं जाएगी। विशिष्ट अतिथि महापौर रोशनी तिर्की ने कहा कि चीन द्वारा पूरे विश्व में महामारी फैलाकर विश्व की अर्थव्यवस्था को तहस–नहस कर दिया गया विश्व के अन्य देश अब चीन की इस नापाक नीति को समझने लगे है चीन द्वारा तिब्बत में तिब. बतियों का मानवाधिकार का हनन बंद विश्व के अन्य देश आगे आवे। कार्यक्रम को हरीश श्रीवास्तव, जे पी जैन, गायत्री राणा, प्रोफ़ेसर जटाधर दुबे, अजीत चंद्रवंशी, राजेंद्र प्रसाद, महेंद्र बिहारी, रेणुका साहू आदि लोगों ने मुख्य रूप से संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शंभू शरण प्रसाद, अरुण कुमार वर्मा, विनोद भगत, राकेश वर्मा,वकील प्रसाद,राम सिंह, मोहम्मद तनवीर अहमद, सत्यभामा देवी,ज्योत्सना देवी, मीरा मेहता, रिंकी विश्वकर्मा, नंदकिशोर प्रसाद, पप्पू प्रजापति, विजय राम चंद्रवंशी, शैलेश कुमार चंद्रवंशी, हितेश रंजन, सुरेश कुमार, डॉ भैया असीम, अनिल कुमार सिंह, उपेंद्र सिन्हा, अतिशय जैन, अमरदीप कुमार, अरुण सिंह, दुर्गा राम, मेहुल खंडेलवाल,महेंद्र वर्मा, दिलीप साहू, श्याम किशोर प्रसाद, मनोज जैन, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे धन्यवाद ज्ञापन भारत तिब्बत मैत्री संघ के सचिव अजीत कुमार चंद्रवंशी द्वारा किया गया।

## विष्णुगढ़ सीओ की कार्यशैली से क्षुब्ध है झामुमो प्रखंड कमेटी,

### बैठक कर आगे की रणनीति पर किया गया विचार

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




बैठक में शामिल झामुमो कार्यकर्ता

अंचलाधिकारी के कथित रवैये ने क्षुब्ध झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक गुरुवार को ब्लॉक रोड स्थित पार्टी आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता रामचंद्र नायक व संचालन संजय प्रजापति ने किया। बैठक के दौरान चर्चा के केंद्रबिंदु में विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी रहे। कार्यकर्ताओं ने उनकी मन. मानी एवं तानाशाही रवैये का पुरजोर विरोध किया। निर्णय लिया गया कि होली का त्योहार बीतने के बाद पुनः इस विषय पर प्रखंड कमेटी की बैठक की जाएगी। जिसमें प्रस्ताव लेकर उनके खिलाफ विभागीय वरीय पदाधिकारी, प्रमंडलीय प्रभारी मंत्री व विभागीय मंत्री को अवगत कराते हुए अविलंब स्थानांत. रित करने की मांग की जाएगी। बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं का होली मिलन समारोह 13 मार्च को आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी, राणा इकबाल खान, अनुराग बर्मन, लालचंद राणा, नारायण महतो, बिनोद सोरेन, खेमलाल सिंह, अनंतलाल महतो, रामकिशोर महतो, सुनील कुमार सिंह, पन्नू महतो, जगदीश यादव, डालेश्वर यादव, बुधन महतो, दिलेर आजाद, मोहन महतो समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कैशपौर माइक्रो क्रेडिट शाखा राजपुर में कोविड 19 से सम्बंधित लोगो को किया गया जागरूक

### कोरोना से बचने की एक ही उपाय है सामाजिक दूरी और साफ सफाई

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कैशपौर माइक्रो क्रेडिट शाखा राजपुर में गुरुवार को एक शिविर आयोजित कर उपस्थित लोगों को को. विड 19 से सम्बंधित जागरूकता अभियान चलाया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजपुर भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक विकास तिरु थे।तथा विशिष्ट अतिथि कैशपौर मा. इक्रो क्रेडिट के आंचलिक प्रबंधक सर्वीला सिंह,आंच. लिक उप प्रबंधक नीरज श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को विधिवत रूप से उद्घाटन किया।ततपश्चात मुख्य अतिथि शाखा प्रबधंक को बुके और शॉल देकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शाखा प्रबंधक ने कहा कि कोविड 19 कोरोना बीमारी इतनी भयानक थी कि इस त्रासदी को कई पुष्ट याद रखेंगे।और बीमारी से बचने का सही तरीका केवल सामाजिक दूरी और साफ सफाई ही है।वहीं आंचलिक उपप्रबंधक नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी कम्पनी उधमी मे. हलाओं को लोन भी देती है और वो भी बहुत ही कम दरों पर,ताकि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्म. निर्भर बन सके।मौके पर कलस्टर हेड राजेश यादव,हेल्थ मैनेजर इंद्रजीत मौर्य,अवनीश मिश्रा,शाखा प्रबंधक सुधीर कुमार शर्मा,केंद्र प्रबंधक संजीव पाठक,उमाशंकर,अली मो. हम्मद,एवं कम्पनी की सभी सदस्य उपस्थित थे।

## रिष्ठ भाजपाइयों द्वारा भाजपा की जीत पर खुशी व्यक्त की गई एवं मुंह मीठा कराया गया

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



वरिष्ठ भाजपाइयों द्वारा आज 10 मार्च 2022 पांच राज्य में से चार पर भाजपा की जीत होने पर खुशी मनाई गई कॉलेज मोड हजारीबाग के पास एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद महावीर लाल विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा की यह अप्रत्याशित जीत है 35 वर्षों के बाद उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार भा. जपा की सरकार बनी है। खुशी वक्त करने वालों में पूर्व सांसद महावीर लाल विश्वकर्मा हजारीबाग नगर निगम के महापौर रोशनी तिर्की भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश कुमार चंद्रवंशी हरीश श्रीवास्तव ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अजीत कुमार चंद्रवंशी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष तनवीर अहमद महिला मोर्चा के अध्यक्ष रेणुका साहू अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष महेंद्र बिहारी सत्यभामा देवी, भाजपा नेता नारद पांडे,समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद,विधायक प्रतिनिधि ज्योत्सना देवी, रिंकी विश्वकर्मा, मीरा मेहता, विनोद भगत, राकेश वर्मा, भाजपा युवा मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी शैलेश चंद्रवंशी,हितेश रंजन अनिल कुमार सिंह, उपेंद्र सिन्हा आदि लो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने चार राज्यो में भाजपा की जीत पर मनाया जश्न

### कान्हाचट्टी एवं राजपुर बाजार में दिखा होली की नजारा

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी बाजार एवं रा. जपुर बाजार में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने चार राज्यों में भाजपा को मिली जीत पर जमकर जश्न मनाया कान्हाचट्टी बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जैसे जैसे भाजपा की बढ़त बनते गया वैसे–वैसे लोग पटाखे फोड़ कर खुशी मनाएं एवं कन्हाचट्टी बाजार में भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष सतीश सिंह की अध्यक्षता में भा. जपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। एवं अबीर गुलाल लगाकर एवं मिठाई बांट कर एक दूसरे को जीत की बधाई दी। भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सतीश सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार को दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा की विकास की उस पहिए को अपनाया जिस पर उत्तर प्रदेश के लोग सवार होकर विकास की गंगा में डुबकी लगाएंगे।उन्होंने कहा कि भाजपा उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड मणिपुर गोवा में भी परचम लहराया है।मौके पर रामरंजन साव,कमांडो रजक,विनय सिंह,राजकुमार सिंह,पप्पु विश्वकर्मा,अर्जुन सिंह,गुज्जून ,सन्तोष ,मंजीत सिंह,नन्हकू पांडेय,सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बंदरकुप्पी,में भैया-बहन को अबेंडाजोल की दवाई खिलाई गई

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सदर प्रखंड के बंदरकुप्पी में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सभी बच्चों को आज अबेंडाजोल की दवाई खिलाई गई।जिसमें 150 से अधिक बच्चो ने दवाई खाई है।और जो बच्चे छूट गये है उन्हें फिर से 14 मार्च को खिलाया जाएगा।इसकी जानकारी प्रचार्य प्रमोद कुमार ने दी और कहा की हमारे विद्यालय में हर साल अब. ेंडाजोल की दवाई खिलाई जाती है,जिससे भैया-बहन सुरक्षित रहे।छोटे छोटे बच्चे को कृमि हो जाती है कियोकि विभिन्न प्रकार के फ़ास्टफूड के सेवन करने से होता है जिससे उनका शरीर कमजोर हो जाता ओर पेट मे कृमि हो जाती है जिससे उनका मन पढ़ाई में भी नही लगता है। अभी बच्चो का परीक्षा चल रही है ।इस मौसम में अबेंडाजोल की दवाई बहुत कारगर है।लगभग 2 सालो से कोरोना के कारण विद्यालय बंद थी।अब अगर खुली है तो हमे बच्चे के स्वस्थ्य के साथ खिलबाड़ नही करना चाहिए।उनके विकास में किसी तरह की लावरवाहि नही करना चाहिए। मौके पर विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष मंगल हेम्ब्रम,सचिव बाली मंडल,कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर मंडल,प्राचार्य प्रमोद कुमार,आचार्या शिल्पा कुमारी,डोली कुमारी,अंकित कुमारी, सावित्री कुमारी,सरिता कुमारी,

## असामाजिक तत्वों के द्वारा कुआं में कूड़ा कचरा फेक कर पानी दूषित करने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखंड अंतर्गत सेरुआ पंचयात के चेरवा गांव में असामाजिक तत्वों के द्वारा सार्वजनिक कुआं में कूड़े कचड़े डालने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि कुआं के पानी दूषित हो जाने से हमलोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि कई वर्ष पूर्व सरकार द्वारा यह कुआं का निर्माण करवाया गया था लेकिन पिछले एक वर्ष से इस कुएं में गंदगी एवं कूड़े कचरे को डाल कर पानी को खराब कर दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को नदी या चापाकल का सहारा लेना पड़ता है लेकिन समस्या यह है उक्त स्थान पर केवल एक ही चापाकल है। अधिक आबादी होने के कारण हमलोगों को घण्टो लाइन में लग कर पानी लेना पड़ता है। हालांकि वहां एक और सरकारी कुआँ है लेकिन उसकी भी स्थिति वैसे ही है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है की कुछ असामा. जिक लोगो के द्वारा महुआ शराब निर्माण के बाद बचे अवशेषों को भी उक्त कुआं में ही डाल दिया जाता है जिसके कारण इलाके में पीने योग्य पानी की काफी किल्लत हो गयी है।

## वन विभाग ने मारा छापा जब्त किया लाखों रुपए की लकड़ी

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



वन विभाग गिरिडीह के रेंजर एस के रवि ने गुप्त सूचना के आधार पर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कोवाड और तेलोडीह वन क्षेत्र के तिगोजोरी जंगल में छापा मारा। छापेमारी के दौरान लाखों रुपए की लकड़ी जब्त किया गया। छापेमारी अभियान के वारे में विस्तृत जानकारी देते हुए रेंजर एस के रवि ने बताया कि गुप्त सूचना पाकर मौके पर छापेमारी किया जिसमे सूचना सही पाया गया। तिगोजोरी जंगल में तस्कर कीमती पेड़ काटकर तस्करी करने की फिराक में थे। फ०रेस्टर के साथ जब जब्त लकड़ी को ट्रेक्टर में लादकर ले जाने लगे तो तस्करों ने दो स्थानों पर पेड़ काटकर रास्ता बंद करने का प्रयास किया जब तक रास्ते पर गिरे पेड़ को हटाया गया तब तक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर जंगल से किमती पेड़ को काटकर तस्करी करने वाले हैं। सूचना के आधार पर तिगोजोरी जंगल पहुंचने पर देखा की तस्करों ने काफी संख्या में सखुआ पेड़ काट दिया था और शीशम का पेड़ काटने की तैयारी कर रहे थे तभी छापेमारी किया गया । तस्करों की पहचान कर उसके खिलाफ़ ठोस कार. ाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही सभी तस्कर कानून के गिरफ्त में होंगे।

## सरस्वती शिशु निकेतन में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि दिवस

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**




सरस्वती शिशु निकेतन मंडरखा विद्यालय मे राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया गया! सरस्वती शिशु निकेतन विद्यालय के प्रधानाचार्य, ने विद्यार्थियों को कृमि संक्रमण से होने वाले रोगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी! इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे 1 वर्ष से 19 वर्ष के बीच तक. रीबन 393 विद्यार्थियों को कृमि संक्रमण की एल्बेंडा. जोल नामक टेबलेट खिलाइइ राष्ट्रीय कृ मि मुक्ति दिवस देश में हर बच्चे को कृमि मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की एक सा. र्थक पहल है। यह छोटी अवधि के दौरान बड़ी संख्या में बच्चों तक पहुंचने वाले बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के माध्यम से बच्चों को कृ मि मुक्ति हेतु डी-वार्मिंग की गोली मुहैया करवाई जाती है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्देश्य बच्चों के समग्र स्वास्थ्य, पोषण की स्थिति, शिक्षा तक पहुंच और जीवन की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी के लिए विद्यालयो आदि के माध्यम से एक से उन्नीस वर्ष की उम्र के बीच के विद्यालय जाने से पहले और विद्यालयी-आयु के बच्चों को कीड़े समाप्त करने की एलन्डोबेजोल की गोली दी जाती है। कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को नियत दवाई अथवा गोलियां खाने हेतु प्रेरित करना मुख्य उद्देश्य है। ! आनंद वर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग के आदेशों की अनुपालना करते हुए विद्यालय के अध्यापकों के द्वारा ऐसा नेक कार्य किया गया! इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक आनंद कुमार वर्मा, भवानी वर्मा, गा. ैरीशंकर वर्मा, अनिल वर्मा,पप्पू वर्मा, अनिल वर्मा,कमलेश राणा, पंकज, मोनिका,शकुंतला , रेखा आदि उपस्थित थे।

## डीएसओ गिरिडीह और एमओ जमुआ को बंधक बनाकर रखा घंटो

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



आज गुरुवार को कार्डधारियों की शिकायत पर जमुआ प्रखंड के बेरहाबाद गांव पहुंचे गिरिडीह डीएसओ गौतम भगत और जमुआ एमओ राजकुमार रजक पहुंचे। कार्डधारियों से दोनों अधिकारी पूछताछ कर रहे थे। कार्डधारियों का आरोप है कि पीडीएस डीलर एक महीना एनएफएसए राशन देता है तो दूसरा महीना पीएमजीकेआई राशन और कभी कभी तो कोई भी राशन वितरण नही करता है। पीडीएस डीलर से अधिकारियों ने जब इस बाबत जानकारी मांगी तो उन्होंने स्पष्ट रुप से कहा कि मैं प्रत्येक महीना दोनों राशन कार्ड धारियों को वितरित करते आए हैं। कार्डधारी मुझ पर गलत आरोप लगा रहे हैं। पीडीएस डीलर के इतना कहते ही कार्डधारी आग बबूला हो गए। कार्डधारियों ने डीएसओ और एमओ को बंधक बना लिया और बोला कि पीडीएस डीलर चोर है और आप अधिकारी लोग इनको शह दे रहे हैं। पीडीएस डीलर हमेशा हम कार्डधारियों को दबाव में रखता है और धमकी देता है कि जहां जाना है जाओ जिससे शिकायत करना है करो मेरा कोई कुछ नही बिगाड़ सकता। घंटो कार्डधारियों के बीच घिरे डीएसओ और एमओ ने सभी कार्डधारियों को आश्वास्त किया की दोषी पाए जाने वाले पीडीएस डीलर को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सभी कार्डधारियों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में राशन मिलेगा। कार्डधारियों ने गीता महिला समिति 16/11 पर राशन वितरण नही करने और कार्डधारियों को दबाव में रखने का आरोप लगाया। काफी मशक्कत के बाद डीएसओ गौतम भगत और जमुआ एमओ राजकुमार रजक बेरहाबद से निकल कर गए। आज जगन्नाथ राम, एतवारी भोगता, सूरज ठाकुर, संजय राणा, बबलू ठाकुर, महेंद्र यादव, अनपूर्णा देवी, अनिता देवी, दुर्गी देवी, दीपा देवी, यूसुफ मियां, कमल दास सहित सैकड़ों की संख्या में कार्डधारी मौजूद थे

## अपने माता पिता का नाम रोशन किया बेटी ने

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



आज महिलाएं हरेक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है साथ ही पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को चरितार्थ कर दिखाई समाज सेवी कुमारी प्रभा वर्मा की सुपूत्री निशु कुमारी ने सेन्ट्रल शिक्षक पात्रता परीक्षा 2022 में सफलता हासिल कर पूरे गिरिडीह जिले का नाम रौशन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निशु कुमारी जमुआ प्रखण्ड के सुदूर वर्ती गांव धुरगडगी की रहने वाली है।उनके पिता दिगम्बर प्रसाद दिवाकर पेशे से शिक्षक के साथ मृदुभाषी मिलनसार प्रवृति के धनी और कुशल समाजसेवी भी हैं जिन्हें वर्ष 2018 में शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर गिरिडीह जिला प्रशासन ने उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान भी दे चुका है। निशु कुमारी की माता कुमारी प्रभा वर्मा आपकी आवाज के प्रदेश महासचिव व समाज सेवी भी है और जिला परिषद की चुनाव भी लड चुकी है तथा वर्तमान में भी जिला परिषद चुनाव को लेकर संघर्षरत है।निशु कुमारी के पिता दिगंबर प्रसाद दिवाकर ने जानकारों देते हुए बताया की मेरी बेटी की शिक्षा दिक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गिरिडीह से हुई है तथा के एन बक्शी से प्रशिक्षण प्राप्त की है जहां प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न पुरस्कारों से नवाजी गई है।इनका सपना यहीं नहीं पूरा हुआ है अपितु भारतीय प्रशासनिक सेवा की तैयारी में भी लगी हुई हैं। निशु कुमारी ने अपनी इस कामयाबी का श्रेयअपने माता-पिता, परिवार जनों एवं ,गुरुजनो दिया ।उन्होंने बताया कि मेरी मेहनत रंग लाई और इस सफलता में मेरे परिवारजनों का अहम योगदान रहा है।इनकी इस सफलता पर शिशू विद्या मंदिर एवं के एन बक्शी प्रशिक्षण महाविद्यालय ने दूरभाष पर बधाई दी है।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित एडिटर: सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बी डी ओ और बी पी ओ ने किया प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की जांच

### आवास की कार्य मे प्रगति लाने का दिया निर्देश

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं प्रखंड कार्यक्रम पदा. धिकारी निरंजन कुमार सिंह ने प्रखंड के कई पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा की योजनाओं की स्थलीय जांच की। जांच के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री महतो ने प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों को निर्देश देते हुए कहा कि जिनके खाते में आवास योजना की पैसा डाल दिया गया है वह जल्द से जल्द आवास योजना को पूर्ण करें। जिनका आवास नहीं बनेगा उनकी राशि पुनः वापस करने के लिए नोटिस भेजा जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि जिन लोगों के आवास निन्टल लेवल तक हो गया है वह जियो टैग करके जल्द से जल्द प्रखंड कार्यालय को सुपुर्द कराएं ।शीघ्र ही उनके खाते में अगली किस्त भेजी जाएगी। वही मनरेगा योजना मजदूरों को ससमय काम देने एवं कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। गुरुवार को चिरिदिरी पंचायत में कई प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा के योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। वही प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निरंजन सिंह ने नरेगा कर्मियों को कहा कि जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण करें।मौके पर चिरिदिरी रोजगार सेवक मनोज सिंह भी उपस्थित थे

## कृमि मुक्ति दिवस पर स्कूली बच्चों ने खाई अल्बेंडाजोल की गोली

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के राजकीय मवि में स्कूली बच्चों को दवा खिलाते बीडीओ समेत अन्य

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर गुरूवार को प्रखंड में अभियान की शुरूआत की गई। इसमें आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूली बच्चों के बीच अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। चेडरा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरूण कुमार सिंह ने कक्षा एक से छह तक के सभी बच्चों को दवाई खाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पेट की आंतों में कृमि मौजूद होने पर शारीरिक विकास प्रभावित होता है। कुपोषण की भी समस्या हो सकती है। बच्चे तनावग्रस्त हो सकते हैं। इसके लिए अल्बेंडाजोल की दवा से निजात पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को आवश्यक रूप से दवाई खिलाया जाना है। गुरूवार को प्रायः सभी विद्यालयों एवं में इसकी खुराक बच्चों को दी गई। वहीं, छूटे हुए बच्चों को 14 मार्च को दवा खिलाई जाएगी।

## डीड राइटरों के दूसरे दिन भी कार्य बहिष्कार से रजिस्ट्री ऑफिस में पसरा रहा सन्नाटा

### उपायुक्त से मिला शिष्टमंडल, मिला कार्रवाई का आश्वासन।

**अपेम लाइव :**
**गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**




गिरिडीह के रजिस्ट्री ऑ. फिस में व्याप्त मनमानी तथा मनचाही रिश्वतखोरी के खिलाफ कल से शुरू डीड राइटरों का कार्य बहिष्कार आज दूसरे दिन भी जारी रहा। इस कारण आज भी रजिस्ट्री का लगभग कोई काम नहीं हुआ। 2 दिन के कार्य बहिष्कार के कारण अनुमानतः सरकार को करीब 50 लाख का राजस्व नुकसान हो चुका है। इधर, आज दूसरे दिन कार्य बहिष्कार आंदोलन के बीच डीड राइटरों का एक शिष्टमंडल जिले के उपायुक्त से भी मिला और अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उपायुक्त ने शिष्टमंडल को उचित कार. र्वाई का भरोसा दिया है। वहीं, दूसरी ओर आंदोलन का समर्थन कर रही भाकपा माले के साथ-साथ माले विधायक विनोद सिंह के नाम से भी आज दस्. तावेज नवीसों की ओर से एक ज्ञापन सौंपकर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए उनसे मदद की अपील की गई है। पार्टी तथा विधायक के नाम से दिए गए ज्ञापन को माले के राज्य कमेटी सदस्य राजेश यादव ने ग्रहण किया। श्री यादव ने 2 दिन से चल रहे कार्य बहिष्कार आंदोलन पर उनके साथ बैठकर आवश्यक चर्चा भी की। मौके पर श्री यादव ने कहा कि, दस्तावेज नवीस संघ का आंदोलन बिल्कुल जायज है, जबकि मौजूदा रजिस्ट्रार के कार्यकाल में रजिस्ट्री ऑफिस का जो बुरा हाल है उससे सभी अवगत हैं। जायज-नाजायज हर काम के बदले खुलेआम पैसा लिया जा रहा है, और पैसा नहीं देने पर संबंधित रजिस्ट्री को ही पेंडिंग रख दिया जाता है, ताकि लोग मजबूर होकर रिश्वत दें। कहा कि, यही नहीं, रजिस्ट्री ऑफिस में रजिस्ट्रार तथा उनके कर्मियों द्वारा डीड राइटरों व उनके सहायकों के साथ प्रायः ही दुर्व्यवहार किया जाता है। लंबे समय से सब कुछ सहन करके भी लोग कार्य कर रहे थे, लेकिन जब मामला हद से ज्यादा बढ़ गया तभी लोगों ने विरोध का स्वर बुलंद किया है। उन्होंने जिला प्रशासन सहित राज्य सरकार से भी इस मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया है। माले विधायक को दिए गए ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वालों में मुख्य रूप से प्रकाश यादव, नंदकिशोर राम, श्री नंदन प्र0 साह, दिलीप कुमार सिन्हा, जगदीश यादव, बालेश्वर पंडित, तालेबर यादव, पंकज कुमार, प्रदीप कुमार मंडल, संजय कुमार, नीरज कुमार, राजेश यादव, नासिर उद्दीन अंसारी, रामदेव प्रसाद कुशवाहा, बैजनाथ प्रसाद, वीरेंद्र कुमार, प्रकाश, गोपाल यादव, रविंद्र पाठक, अशोक कुमार सिन्हा, शिव शंकर राणा, नंदकिशोर राम, प्रसादी नारायण यादव, अरविंद प्रसाद, सुधीर सोनी, मंजूर अंसारी, सुरेश राम, भोला, मोहम्मद सलीम अंसारी, गौरीशंकर राणा, सुजीत कुमार सिन्हा, लखन शर्मा, अशोक सिंह, गणेश प्रसाद साह, तुलसी महतो, दीपक कुमार सिन्हा, रतन दास, विनोद कुमार सिन्हा, वीरेंद्र कुमार सिन्हा, विश्वनाथ पांडे, जय देव मंडल, दौलत प्रसाद मंडल, बसंत, कुमार मंडल, अनंत शर्मा, केदार पांडे अजय साहू, अशोक राज किशोर वर्मा, मुकेश मोदी, विक्रम कुमार वर्मा, तारक. श्वर प्रसाद वर्मा सहित कई अन्य शामिल थे।

## जल समस्या से निपटने को लेकर श्रमदान अभियान की शुरूआत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में श्रमदान से तालाब निर्माण की शुरूआत करते ग्राम प्रधान समेत अन्य

गरमी का मौसम आते हीं क्षेत्र में पेयजल की समस्या शुरू हो गई है। कई क्षेत्रों में नदी, तालाब एवं कुएं भी सूखने के कगार पर है। भूमि के गिरते जलस्तर को बनाए रखने के लिए जोबर पंचायत के फुसरो तथा खरकी पंचायत के दोमुहान गांव में गुरूवार से श्रमदान अभियान की शुरूआत की गई। इसके तहत तालाब गहरीकरण एवं मेढ़बंदी का काम किया जाएगा। एकता परिषद के तत्वाधान में ग्रामीणों ने स्वैच्छिक रूप से काम करने का संकल्प लिया है। फुसरो में जोबर ग्राम प्रधान मुनीलाल महतो एवं नायके सोनाराम सोरेन ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना के बाद स्थल पर फावड़ा चलाकर श्रमदान अभियान की शुरूआत की। वहीं, दोमुहान में नायके नंदलाल सोरेन एवं वार्ड सदस्या बसंती देवी ने अभियान का शुभारंभ किया। ग्राम प्रधान मुनीलाल महतो ने श्रमदान कार्यकर्ताओं की हौसला आफजाई करते हुए कहा कि भूमि के जलस्तर को बनाए रखने में आप सबों का श्रमदान प्रेरणास्रोत हा. ेगा। तालाब के गहरीकरण एवं मेढ़बंदी के लिए यथासंभव मदद की जाएगी। संस्था के जिला संयोजक चुनुलाल सोरेन ने कहा कि 14 मार्च तक यह अभियान चलेगा। जिसमें दोनों गांवों के 50-50 श्रमिक लगातार श्रमदान करेंगे। कहा कि वैश्वीकरण और मशीनीकरण के युग में श्रमदान की अत्यधिक महत्ता है। अन्य लोग इससे प्रेरणा लें। श्रमदान में लालचंद टुडू, हरिलाल सोरेन, बबिता देवी, आरती देवी, आगनी मुर्मू, मुनिता देवी, सनिता देवी, कुंती देवी, लीलमुनी देवी, कांति कुमारी, करमचंद हांसदा, बड़कु मांझी, रामलाल सा. ेरेन, मेहीलाल सोरेन, महतो हांसदा, तालो मरांडी समेत कई ग्रामीण शामिल हैं।

## एन 0 एल 0 पब्लिक स्कूल पिहरा में बच्चों को खिलाई गयी एल्बेंडाजोल की दवाई

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखंड अंतर्गत पिहरा पंचायत में संचालित एन0 एल0 पब्लिक स्कूल में गुरुवार को बच्चों को अल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई गई। जानकारी देते हुए विद्यालय के आचार्य राजेश कुमार ने कहा की बच्चों की बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह दवाई जरूरी है। छोटे छोटे बच्चे को कृ मि हो जाती है क्योंकि बच्चें विभिन्न प्रकार के फ़ास्टफूड एवं जंकफूड का सेवन कर लेते है जिसके कारण उसके पेट मे कृमि हो जाती है। लगभग दो वर्षो से कोरोना के कारण विद्यालय बंद थी। अब अगर खुली है तो हमे बच्चे के स्वस्थ्य के साथ खिलबाड़ नही करना चाहिए और हमें उनकी बेहतर स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए। मौके पर शिक्षक मो0 ज़ियाउद्दीन, भोला रविदास, नंदकिशोर कुमार, खुशबू कुमारी, रूपेश कुमार, केशर सिंह, नम्रता कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

THE MECHANICS

विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो0 - विक्रम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851